# आन्तरिक शक्तियों से ही सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास - तारिका



इन्दौर: "स्वस्थ विचार सुंदर संसार" परियोजना के अंतर्गत युवाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए ब्र.कु. तारिका

**इन्दौर।** अतीत जो होता है वह एक गौरवशाली इतिहास होता है। भारत को आजाद कराने में जिन वीरों ने अपना बलिदान दिया उनमें महात्मा गांधी, चन्द्रशेखर आजाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, भगतसिंह, राजगुरू आदि प्रमुख थे। इनके अंदर की आंतरिक शक्तियों ने देश के लिये स्वयं को कुर्बान कर देने के लिये प्रेरित किया। वर्तमान समय युवा अपनी रचनात्मक शक्ति को भूल गया है और सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण वह हिंसात्मक कार्यों में संलग्न हो गया है। जिसके कारण उनके जीवन में तनाव हताशा व डिप्रेशन बढ़ता जा रहा है। आध्यात्मिकता के द्वारा उनकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक शक्तियों को जाग्रत कर सशक्त बनाकर जीवन को सही दिशा देने के उद्देश्य से युवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है।

उक्त उद्‌गार भिलाई की ब्र.कु.तारिका ने ज्ञान शिखर काम्पलेक्स ओम शान्ति भवन इन्दौर में ''स्वस्थ विचार सुंदर संसार'' के अंतर्गत आयोजित त्रि-दिवसीय युवा सशक्तिकरण शिविर को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हमारे संकल्पों में इतनी शक्ति है जो कि असंभव कार्य को भी संभव कर सकती है और किसी भी चुनौती का सामना दृढ़ता पूर्वक कर सकते हैं व विषम परिस्थितियों में भी स्वयं को शांत व स्थिर बनाए रख सकते हैं। इसके लिए हमें हर परिस्थिति में पॉजीटिव रहना होगा। उन्होंने स्लाइड प्रेजेंटेशन के द्वारा यह स्पष्ट किया कि कैसे हमारे संकल्पों का प्रभाव मनुष्य के साथ-साथ प्रकृति के तत्वों पर तथा विभिन्न जीव-जंतुओं पर भी पड़ता है। साथ ही सकारात्मक चिंतन के द्वारा स्वयं को सशक्त बनाने हेतु उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया। इन्दौर जोन के निदेशक ब्र.कु.ओमप्रकाश ने कहा की युवा सदैव ऊर्जावान रहा है। आध्यात्मिक शक्ति के माध्यम से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम मे प्रोफेसर राजीव शर्मा, साधना चैनल के रीजनल मैनेजर आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मंच का कुशल संचालन ब्र.कु.मीतु ने किया व आभार प्रदर्शन ब्र.कु.छाया ने किया।

# स्वस्थ और दृढ़ संकल्प से हर मुश्किल आसान : ऊँटवाल

**इन्दौर।** हमारे संकल्पों की दृढ़ता हर मुश्किल कार्य को सरल बना देती है। और विकास के सब दरवाजे खोल देती है।

उक्त उद्‌गार म.प्र. के विकास राज्यमंत्री मनोहर ऊंटवाल ने ओम शांति भवन में नवनिर्मित ज्ञान शिखर कॉम्पलेक्स में ''स्वस्थ विचार सुंदर संसार परियोजना'' का उद्‌घाटन करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हम अपना नज़रिया जैसा रखते हैं हमें अपने आस-पास सब कुछ वैसा ही दिखाई देता है। यदि हम अच्छा समाज, अच्छा संसार बनाना चाहते हैं तो खुद की कमियों को देख उसे निकालने का प्रयास करना चाहिए।

इंदौर जोन के क्षेत्रीय निदेशक ब्र.कु.ओमप्रकाश ने कहा कि हमारे संकल्प ही हमारे चारो ओर निर्मित होने वाले संसार के लिए जिम्मेदार हैं। हमारे शुभ संकल्प ही सतत् स्वर्णिम संसार के निर्माता है। इसलिए हमें हमेशा पॉजीटिव रहना चाहिए व सदा शुभ संकल्प ही करने चाहिए। इसे साकार करने के उद्देश्य से ही इस परियोजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत प्रतिमास अलग-अलग वर्ग हेतु त्रिदिवसीय अनुभूति युक्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। निश्चित ही सबके सहयोग से सुखमय संसार इस धरा पर आयेगा। अहिल्या विश्वविद्यालय के मीडिया एवं मासकम्युनिकेशन के विभागाध्यक्ष डॉ. मानसिंह परमार ने कहा कि हमारा देश आदिकाल से देव रुप में जाना जाता हैं। जहां का प्राकृतिक सौंदर्य दर्शनीय रहा व ऋषि-मुनियों के शुभ संकल्प भारत की शान को और समृद्धि को बनाये रखा। उन्होंने कहा कि जब कहीं कोई दुर्घटना घटती है तो मीडिया राहत पहुंचाने के बजाय ब्रेकिंग न्यूज बनाने की सामग्री एकत्रित करने में जुट जाती है। और उस घटना को सनसनी खेज खबर बनाकर लोगों तक पहुंचाती है। ऐसे में मीडिया का कार्य है कि वह स्वस्थ मानसिकता पैदा करे। इस अवसर पर इन्दौर नगर पालिका निगम की पूर्व महापौर डॉ.उमा शशि शर्मा, पार्षद सरोज भारद्वाज सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। ब्र.कु.हेमलता ने सभी अतिथियों का स्वगत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. अनिता ने किया।



इन्दौर: मासिक कार्यक्रम 'स्वस्थ विचार सुंदर संसार' का उद्‌घाटन करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री मनोहर ऊँटवाल, ब्र.कु. ओमप्रकाश भाई जी, पूर्व मेयर डॉ. उमा शशि शर्मा, पार्षद सरोज भारद्वाज एवं डॉ. मानसिंह परमार



**धमतरी:** प्लेटिनम जुबली महोत्सव के अवसर पर आयाकजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में कलेक्टर एस.प्रकाश, ए.डी.जे.अनिल शुकला, ए.एस.पीकटरे, ब्र.कु. सोनाली तथा ब्र.कु. सरिता।



झाड़सुगुडा। ओडिसा के शहरी विकास मंत्री शारदा नायक को सौगात देते हुए संस्था की सह मुख्यप्रशासिका दादी रतन मोहिनी जी



सारंगपुर। बोहरा मुस्लिम समाज के सदर बाकिर हुसेन को ईश्वरीय सौगात देते हुए ब्र.कु. मधु बहन



राजनांदगांव। शिव जयंती के उपलक्ष्य में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए वार्ड पार्षद गुरुमुखदास जी वाधवा,आराधना मंच के अध्यक्ष बहन उमा रुंगटा एवं ब्र.कु.पुष्पा।



ब्यावरा। शिव जयंति समारोह का उदघाटन कर ईश्वरीय स्मृति में एस.डी.एम. नीता राठौर, पुर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, गुरुद्वारा ज्ञानी राजेन्द्र सिंह, हाजी अख्तर हुसेन एवं अन्य।




कोटा। अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलित करते महापौर डॉ. रतना जैन, विधायक ओम बिरला, डायरेक्टर डि. सी. एम. के. के. कोलज्ञानी गुरनाम सिंह, विशाल रेमण्ड, ब्र.कु. सुर्य, ब्र.कु. ओम प्रकाश जी, ब्र.कु. हेमा बहन तथा अन्य



राजगढ़। महिला दिवस के अवसर पर आयेजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्‌घाटन करते हुये प्रो. सीमा सिंह, प्रो. आरती श्रीवास्तव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा नम्रता विजयवर्गिय, श्रीमती कल्पोनी एवं ब्र.कु.मधु।